प्रेस नोट- दिनांक 23.03.2024

अपराध नियंत्रण की दिशा में कार्य करते हुये इटावा पुलिस द्वारा 01 अन्तर्जनपदीय शातिर वाहन चोर को किया गया गिरफ्तार,

कब्जे से 03 मोटर साइकिल (चोरी की), 01 अवैध तमन्चा व 03 जिन्दा कारतूस किये गये बरामद।

अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस उप महानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर के निर्देशन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा श्री संजय कुमार के पर्यवेक्षण में थाना ऊसराहार पुलिस द्वारा की गयी कार्यवाही।

घटना/गिरफ्तारी का संक्षिप्त विवरणः-

आगामी लोकसभा निर्वाचन- 2024 के दृष्टिगत अपराध एवं आपराधिक गतिविधियों की रोकथाम हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में दिनांक 22.03.2024 की रात्रि को थाना ऊसराहार पुलिस द्वारा कछपुरा पुलिया पर संदिग्ध व्यक्ति/वाहन की चैकिंग की जा रही थी, इसी दौरान आपराधिक अभिसूचना प्राप्त हुयी कि 01 व्यक्ति चोरी की मोटर साइकिल लेकर कर्री पुलिया की ओर से आ रहा है। सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुए थाना ऊसराहार पुलिस टीम द्वारा आवश्यक बल प्रयोग करते हुये अभियुक्त मोहन यादव को कछपुरा पुलिया के पास से समय 19.15 बजे गिरफ्तार किया गया।

पुलिस पूछताछः-

पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये अभियुक्त से नाम पता पूछते हुये तलाशी ली गयी तो उसके कब्जे से 01 अवैध तमंचा 315 बोर व 03 जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद किया गया, कड़ाई से पूछताछ करने पर उसने बताया कि यह मोटर साइकिल मैंने मधुवन वाटिका मैरिज होम से 02 वर्ष पहले चोरी की थी और बताया कि मैं मोटर साइकिल चोरी करके आगरा लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर आने- जाने वाले व्यक्तियों को कम दाम में बेचकर लाभ कमाता हूँ।

नोटः- अभियुक्त की निशादेही के आधार पर 02 अन्य चोरी की मोटर साइकिल को कुदरैल के गोल चक्कर से ग्राम गडरियान की मडैया को जाने वाले रास्ते पर खाली पड़े खण्डहर से बरामद की गयी।

उक्त गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना ऊसराहार पर मु0अ0सं0 39/2024 धारा 411/413 भादवि, धारा 41/102 सीआरपीसी व 3/25 आर्म्स एक्ट थाना ऊसराहार जनपद इटावा

गिरफ्तार अभियुक्त-

1.मोहन यादव पुत्र सर्वेश कुमार यादव निवासी नगला मंगद थाना किशनी जनपद मैनपुरी उम्र 22 वर्ष।

पंजीकृत अभियोगः-

1.मु0अ0सं0 39/2024 धारा 411/413 IPC, धारा 41/102 सीआरपीसी व 3/25 आर्म्स एक्ट थाना ऊसराहार जनपद इटावा

आपराधिक इतिहास-

मोहन यादव पुत्र सर्वेश कुमार यादव

1.मु0अ0सं0 02/2019 धारा 379/411 भादवि थाना कोतवाली जनपद इटावा।

2.मु0अ0सं0 323/2019 धारा 379/411 भादवि थाना कोतवाली जनपद इटावा।

3.मु0अ0सं0 72/2018 धारा 41 सीआरपीसी थाना बसरेहर जनपद इटावा।

4.मु0अ0सं0 159/2019 धारा 379/411 भादवि थाना सिविल लाइन जनपद इटावा।

5.मु0अ0सं0 160/2019 धारा 41 सीआरपीसी थाना सिविल लाइन जनपद इटावा।

6.मु0अ0सं0 284/2019 धारा 2/3 उ0प्र0 गिरोहबन्द समाज विरोधी क्रियाकलाप अधिनियम थाना सिविल लाइन जनपद इटावा।

7.मु0अ0सं0 107/2019 धारा 379/411 भादवि थाना अछल्दा जनपद औरैया।

8.मु0अ0सं0 39/2024 धारा 411/413 IPC, धारा 41/102 सीआरपीसी व 3/25 आर्म्स एक्ट थाना ऊसराहार जनपद इटावा।

बरामदगीः-

1.01 अवैध तमंचा 315 बोर

2.03 जिन्दा कारतूस 315 बोर

3.01 मोटर साइकिल अपाचे (चोरी की)

4.01 स्पलेण्डर प्लस (चोरी की)
5.01 स्पलेण्डर प्रो (चोरी की)

पुलिस टीम- उ0नि0 श्री बेचन सिंह थानाध्यक्ष ऊसराहार, उ0नि0 श्री रमाकान्त, उ0नि0 संजय सिंह, हे0का0 बब्लू अली, का0 मो0 हनीफ।